This question paper contains 4+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

5141

B.Com. (H.)/II E

Paper XV—HINDI (A) **हिंदी (क)**

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी)

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

टिप्पणी : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. कॉम. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा ।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए

(क) सिंहासन, आकांक्षा-धन कभी नहीं

इंद्र का ऐरावत,

P.T.O.

अश्व स्वयं सूर्य के,
बेटा नगण्य हैं सब
अभी हैं अभी नहीं ।
मूल्य प्रेम करुणा के
ममता के साध्य अपने,
पंथ है अतीव कठिन
इन तक पहुँचने के
किन्तु वे ही सेव्य हैं
शिव हैं, आराध्य अपने ।

अथवा

देशप्रेम का यही अर्थ है
धर्म-प्रेम का यही अर्थ है
यही अर्थ है मानवता का
अगर देश वेदों का कह दे

अगर बुद्ध की वाणी गूँजे–
'हम न लड़ेंगे, हमने अपनी
सत्ता का आदर्श बदल कर प्रेम कर दिया'
तो दुनिया के शस्त्रवादियों का दिमाग
चकरा जाएगा । 5

(ख) चलते नहीं, दूसरों को चलाते हैं, गालव । यही तो बिडम्बना है । और संसार तुम्हें ही तपस्वी और साधक कहेगा, मेरे पिता को दानवीर कहेगा, और मुझे ? चंचल वृत्ति की नारी, जिसका विश्वास नहीं किया जा सकता ।

अथवा

कहा गया है कि स्त्री रहस्यों की गुत्थी होती है । उसे देवता नहीं समझ पाए तो मनुष्य क्या समझेगा । जो मनुष्य स्त्री को समझ पाया है, समझिए कि वह संसार की सभी विद्याओं में पारंगत हो गया है । 5

2. 'यह कथा व्यक्ति की नहीं एक संस्कृति की है ।' इस कथन के आलोक में 'कालजयी' का प्रतिपाद्य लिखिए । 8

अथवा

'कालजयी' के आधार पर अशोक के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

3. माधवी के चरित्र की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए । 7

अथवा

" 'माधवी' भारतीय समाज में नारी की स्थिति का आकलन है ।" इस कथन का विवेचन कीजिए ।

4. 'विराटा का पद्मिनी' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कुमुद के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

पंचनद की किन्हीं तीन नदियों के नाम लिखिए । 3

(ख) राजा नायक सिंह कहाँ के राजा थे ? मकर संक्रांति के पर्व पर वे किस नदी में स्नान के लिए जाते थे ?

अथवा

गोमती कुमुद से क्या वरदान माँगती है ? 2

5. मानक भाषा के प्रमुख तत्त्व लिखिए ।

अथवा

देवनागरी लिपि के मानक रूप को स्पष्ट कीजिए । 5

6. विज्ञापन-लेखन की विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) साँच को आँच नहीं

(*ii*) यथा राजा तथा प्रजा ।

7. द्विभाषिक शब्दकोश का महत्व लिखिए ।

अथवा

किन्हीं **पाँच** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 5

Partnership, Import, Teller, Ownership, Allotment, Deduction, Counterfoil, Valuation.

8. किसी **एक** पर निबंध लिखिए 5

(क) विश्व पुस्तक मेला

(ख) पर्यावरण की समस्या

(ग) विज्ञापनों में स्त्री-छवि

(घ) सिनेमा और समाज ।